IFFCO

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड

(मा0 सं0 वि0)

के.एल.सिंह, निदेशक (तकनीकी)	श्री एस.के.गांधी, वरि0 महाप्रबंधक (पारादीप)
संदर्भ : इफको/सुझाव/118/2012-13	दिनांक : 27.06.2012

विषयः वर्ष 2011-12 के दौरान इफको कर्मचारी सुझाव योजना के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन ।

कर्मचारियों की रचनात्मक प्रतिभाओं को विकसित करने व संस्था के कार्य कलापों में उनकी सहभागिता को बढ़ाने के प्रयोजन से लागू की गई इफको कर्मचारी सुझाव योजना संस्थान को नई उँचाईयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रही है।

वर्ष 2011-12 के दौरान आपकी इकाई में आपके नेतृत्व व मार्गदर्शन में सुझाव योजना का कार्यनिष्पादन उत्कृष्ट रहा है। कर्मचारियों से प्राप्त सुझावों की संख्या में भारी वृद्धि के साथ-साथ सुझावों की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है जिससे संस्था को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रुप से अनेक लाभ हुए हैं । सुझाव योजना के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में आपकी इकाई में किए गए प्रयास अत्यन्त सराहनीय हैं। इसके लिए आप एवं आपकी इकाई के सभी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुझे आशा है कि आप इस दिशा में निरन्तर प्रयास करते रहेंगे और अधिकाधिक कर्मचारियों को इस मुहिम में जोड़ते रहेंगे ताकि हमें अधिकाधिक संख्या में गुणवत्ता वाले सुझाव प्राप्त होते रहें।

(के. एल. सिंह)

प्रतिलिपि-
1) निदेशक(मा.सं./विधि)
2) वरि. कार्य. निदेशक (मा0 सं0)
3) वरि0 महाप्रबंधक (प्रशिक्षण)